हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 कैथल


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


14 जिलेभर में धूमधाम से मनाई छोटी दीवाली




14 सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगपत्र




# कैथल विशेषांक
देशवासियों को दीपावली व भैयादूज के के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दीप जगमगाते रहे
सबके घर झिलमिलाते रहे
साथ हो सब अपने
सब यूँही मुस्कराते रहे ।









## आर. के. एस. डी. ग्रुप ऑफ इन्सटीच्यूशनज, कैथल
आप सभी को
**दीपावली** एवं **भैया दूज** के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं






शिक्षा के क्षेत्र में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए कृतसंकल्प आर. के. एस. डी. संस्थाएं :-

- आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल
- आर.के.एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कैथल
- आर.के.एस.डी. सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल, कैथल
- आर.के.एस.डी. कॉलेज सांध्य सत्र, कैथल
- आर.के.एस.डी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कैथल





Ashwani Shorewala
President, RVS & Governing Body

Shyam Lal Bansal
Vice-President,RVS

Mahesh Kumar Mangal
Vice-President, Governing Body

Pankaj Bansal
General Secretary, RVS & Governing Body

Sunil Chaudhary
Treasurer Governing Body

Ashok Kumar
Treasurer, RVS



RAMA THE GREAT

## RAMA GROUP OF INSTITUTE
Kutabpur (Kaithal)

नर्सिंग कोर्स - दाखिला आरम्भ

**ANM/MPHW (F)**
Qualification: 10+2 Duration : 2 Years

**GNM/Staff Nurse**
Qualification: 10+2 Duration : 3 Years

## YUVRAJ GROUP OF INSTITUTE
BATTA (Kaithal)

Admission Open

**D.PHARMACY**
Qualification : 10+2 (Med. & Non Med.)
Duration : 2 Years

**MPHW (M)**
Qualification : 10+2
Duration : 2 Years

Happy Diwali

Contact No.
9812151923
9992771695



Dr. Sitender Garg's
## LORD RAMA
SUPER SPECIALITY HOSPITAL

॥ शुभ लाभ ॥
HAPPY
Diwali

लॉर्ड रामा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!





स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि का यह पर्व आपके जीवन में नई रोशनी और नई उम्मीदें लेकर आए।
इस दीपावली आइए, सेहत की रोशनी जलाएँ — क्योंकि स्वस्थ तन ही सच्ची संपत्ति है।

**आपके स्वास्थ्य के विशेषज्ञ**

DR. SITENDER GARG
Orthopedic Surgeon
Robotic Knee Surgeon
MBBS(Gold Medalist), MS Ortho., DNB Ortho.,MNAMS,MRCS (England)

Dr. Raja Nahid Khan
General Surgeon
MBBS, MS General Surgery
General & Laparoscopic Surgery

Dr. TOUSEEF YAQOOB BEIGH
Medicine
MBBS, MD

**प्रमुख सुविधाएँ**

- ✓ हड्डी रोग विशेषज्ञ
- ✓ सामान्य शल्य चिकित्सा
- ✓ सामान्य चिकित्सा
- ✓ लैब टेस्ट
- ✓ मॉड्यूलर ओटी
- ✓ मॉड्यूलर आईसीयू
- ✓ 24x7 आपातकालीन सेवाएँ
- ✓ प्राइवेट रूम
- ✓ सेमी-प्राइवेट रूम
- ✓ 24x7 फार्मेसी
- ✓ डीलक्स कमरे
- ✓ एक्स-रे और डेक्सा स्कैन

**रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट:**

**मुफ्त सर्जरी**
आयुष्मान भारत कार्ड के साथ पाएँ मुफ्त सर्जरी अब पाएँ गुणवत्तापूर्ण इलाज, वो भी बिना किसी खर्च के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत।

+91 74007-08004, 74007-08006 www.lordramahospital.com
Nehru Garden, MITC, Near Mini Secretariat, Kaithal (136027)



## रोशनी वही
जो मिट्टी से जुड़ी हो,





इसलिए दिये हों तो भारत की मिट्टी के।
**दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**
इसी मिट्टी से जुड़े हम।

Ujala Cygnus
HEALTHCARE SERVICES
सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल
कैथल

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला को लिफ्ट दे सोने के कगंन निकाले

**जींद।** रुपया चौक पर रविवार को कार सवारों ने बुजुर्ग महिला को सत्संग भवन के लिए लिफ्ट दे सोने के दो कंगन निकाल लिए। जिसके बाद कार सवार महिला को कैथल रोड पर छोड़ कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस ने कार सवारों की धरपकड़ के लिए अभियान भी चलाया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तेलियान मोहल्ला निवासी सुदेश (72) रविवार को रुपया चौक पर राधा स्वामी सत्संग भवन में जाने के लिए खड़ी हुई थी।

### सद्भाव यात्रा में महिलाओं की रहेगी विशेष भागीदारी

**उचाना।** उचाना खुर्द की पूर्व सरपंच भतेरी ग्रोवर ने कहा कि जब यात्रा उचाना हलके में पहुंचेगी तो यात्रा में महिलाओं की बराबर की भागीदारी होगी। यात्रा का स्वागत महिलाएं गीत गाकर गांव में पहुंचने पर करेगी तो कदम से कदम मिलाकर यात्रा का हिस्सा बनेगी। ये यात्रा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह सदभाव का संदेश देने के लिए निकाल रहे है। इस तरह की यात्रा आज तक प्रदेश में नहीं निकाली गई। राजनीति फायदे के लिए यात्राएं निकाली जाती है लेकिन ये ऐसा यात्रा है जो प्रदेश में जो भाईचारा बिगड़ा है उसको दोबारा से फिर कायम करने के लिए निकाली जा रही है।

### धान की खरीद पारदर्शी व सुचारू रूप से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से निरंतर जारी है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए छाया पेयजल, तौल व्यवस्था, साफ-सफाई व भुगतान प्रणाली की नियमित निगरानी हो।

### शिरड़ी साईं स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

**उचाना।** शिरड़ी सांई विद्यालय डोहाना खेड़ा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक मदनलाल जेई ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। प्रिंसिपल सत्यवान प्राइवेट स्कूल एसो उचाना के पूर्व प्रधान अनिल ने सम्मानित किया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जींद।** घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच सड़क पर नील गाय आ जाने के चलते एक युवक की रविवार को मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। गांव खांडा निवासी 30 वर्षीय नवदीप रविवार को अपनी कार से जींद आ रहा था। वह फिलहाल शहर की शिव कालोनी में रहता है। जब वह घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच में पहुंचा तो अचानक उसकी कार के आगे नील गाय आ गई। नील गाय को बचाने के चक्कर में उसकी कार असंतुलित हो गई और सड़क किनारे गड्ढों में जाकर पलट गई। इससे नवदीप की मौत हो गई।

---

*आज लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 07:08 से लेकर रात 08:18 के बीच*

# जिलेभर में धूमधाम से मनाई छोटी दीवाली

## बाजारों में उमड़ी भीड़, शहर में पुलिस रही सतर्क

**पटाखे चलाने से करें परहेज, सिर्फ दीये जलाएं : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में रविवार को छोटी दीपावली का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ सुबह ही बाजार में पहुंचना शुरू हो गई। दिन चढने के साथ ही बाजार पूरी तरह से ग्राहकों से गुलजार हो गया। बाजार में ऐसी कोई दुकान नहीं थी जहां ग्राहक न हों। दुकानदारों ने अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए अनेक स्कीमें शुरू की हुई थी। जिसके चलते बाजार में आए लोगों ने भी इन स्कीमों का जम कर लाभ उठाया। बाजार में ग्राहकों को लुभाने के लिए हर दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे सेल लगाई हुई थी। सेल पर मौजूद लड़के चिल्ला-चिल्ला कर कहीं हर माल सौ-सौ रुपये में तो कहीं 150-150 रुपये की आवाजें लगा रहे थे। इसके अलावा कहीं एक कमीज के साथ एक गिलास मुफ्त मिल रहा था तो कहीं कूपन सिस्टम के माध्यम से लोगों को रिझाया जा रहा था। दोपहर होते-होते बाजार में लोगों की इतनी भीड़ जमा हो गई कि आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में वाहन न प्रवेश कर पाएं, इसके लिए जगह-जगह नाके लगाए गए थे। जिन पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

सुरक्षा को लेकर प्रशासन के रहे पुख्ता इंतजामः दीवाली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। वहीं किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपातकालीन सेवाओं के अलावा दमकल विभाग पूरी तरह से अलर्ट पर रहा। पुलिस कर्मचारी बाजार, शहर के सभी चौराहों पर सुबह से ही तैनात रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बाजार व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त को बढाया गया था। दीवाली को लेकर शहर में पूरा दिन चहल-पहल रही और दुकानदारों द्वारा लगाई गई सेलों पर से जमकर खरीददारी की। पूरा दिन मेन बाजार, पालिका बाजार, जनता बाजार, तांगा चौक, झांझ गेट के आसपास क्षेत्र में काफी भीड़ रही। पैदल चलने में भी लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी।





जींद। दीपावली पर्व पर बाजार में उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि



जींद। बाजार में लगी सेल पर खरीददारी करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। सजावट का सामान खरीदते हुए। फोटो :हरिभूमि



### साधक को शुभ फल की प्राप्ति

पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक : शास्त्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीवाली मनाई जाती है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार दीपावली पर्व पर पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक है।

### परंपरागत तरीके से मनाएं दिवाली

डीसी उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लोगों को पटाखे चलाने से परहेज करना चाहिए। बहुत से लोग दमा, हर्ट, सांस, आंखों आदि की बीमारी से ग्रस्त हैं और धुएं व शोर से यह बीमारी और भी बढ़ जाती है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वह ऐसे लोगों को अपने परिवार के सदस्य मान कर पटाखे चलाने से परहेज करें, केवल दिए जलाएं। दीपावली दीपों का त्यौहार है और इसे परंपरागत तरीके से मनाएं।

### धनतेरस पर्व मनाया

शास्त्रों के अनुसार शनिवार को धनतेरस का त्योहार भी मनाया गया। ऐसे में जिन लोगों ने धनतेरस का त्योहार मनाया उन्होंने ज्वैलरी, वाहन और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की खरीद की। लोगों ने सेल के माध्यम से ब्रांडिड आइटमों की खरीददारी की। इसके साथ ही महिलाओं ने स्टील के बर्तनों, रसोई सामान, कपड़े तथा अन्य सजावटी सामान खरीदा। शहर में लगभग पांच दर्जन बर्तनों की दुकानें हैं।

### जगह-जगह की गई बेरिकेटिंग

बाजार में लोगों की भीड़ व आवाजाही को रोकने के लिए शहर में अलग-स्थानों पर नाकाबंदी की गई थी। बाजार के अंदर कोई वाहन प्रवेश न कर सके, इसके लिए शहर थाना के सामने ही रस्सी लगा कर नाकाबंदी की हुई थी ताकि शहर में कानून व्यवस्था के साथ-साथ जाम की स्थिति से न निपटा जा सके। बाजार के सभी मुख्य रास्तों रानी तालाब, फव्वारा चौक, शिव चौक की तरफ से बेरिकेटिंग की गई थी। इसके अलावा झांझ गेट की तरफ, टाउन हाल की तरफ तथा रानी तालाब के निकट बेरिकेटिंग की गई थी। वहीं उचाना, जुलाना, सफीदों, नरवाना के बाजारों में भी पुलिस प्रबंध चाक चौबंद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व के मध्यनजर जिलेभर में चौकसी बढ़ा दी गई है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि लोग त्यौहार को हर्षोउल्लास से मना सकें।

---

# गांव नगूरां की पंचायत ने पुलिस से बाजार में गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

त्योहार को देखते नगूरां पंचायत ने रविवार को सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़ के नेतृत्व में सुरक्षा की मांग को लेकर एक पत्र नगूरां पुलिस एएसआइ सुभाष को सौंपा है। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि से बाजार में गश्त बढाने का आश्वासन दिया है। पुलिस को सौंपे मांग पत्र में सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगूरां बाजार में काफी भीड़ है। जिसके कारण आवारा किस्म के शरारती तत्व किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पंचायत ने पुलिस से एक आग्रह ओर किया है कि बाजार में खरीददारी को लेकर भीड़ ज्यादा है और बड़े वाहन चालक स्पीड में बाजार से गुजर रहे हैं। जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा भी बना हुआ है। पुलिस को चाहिए कि बड़े वाहनों को बाजार से डायवर्ट कर बाइपास निकाला जाएं ताकि कोई घटना न हो। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि से दीपावली के त्योहार को देखते ज्यादा गश्त बढाने का आश्वासन दिया है।



जींद। नगूरां पुलिस को मांग पत्र सौंपते सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़।

---

# जनता के विश्वास पर खरी उतर रही सरकार : अत्री

» *सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की बढोत्तरी से बुजुर्गों को मिलेगा लाभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक वर्ष में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तक सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर जनता का विश्वास जीता है। सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की वृद्धि से बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य पात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और जनसंपर्क को और मजबूत बना रही है। उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री रविवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में गंभीर है। पहले ही साल में 46 संकल्प पूरे कर दिए गए हैं, जिससे लोगों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि 158 अन्य वायदों पर तेजी से काम जारी है। सीएम नायब सिंह सैनी की सरकार ने किसानों के हित में ठोस कदम उठाए हैं। हरियाणा पहला राज्य बना जिसने 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा।



उचाना। अपने आवास कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### लाडो लक्ष्मी योजना शुरू

मंडियों में किसानों को भुगतान अब 72 घंटे की बजाय 48 घंटे में सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में बिना पर्ची, बिना खर्ची के सिद्धांत पर 33,949 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गईं। वहीं 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भाजपा सरकार युवाओं को पारदर्शी व मेरिट आधारित अवसर दे रही है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पंजीकृत लाडो बहनों को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए पंजीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। गरीब उत्थान की भावना को बल देते हुए अत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग में आरक्षण का वर्गीकरण लागू किया गया है, जिससे समाज के कमजोर तबके को न्याय और समान अवसर मिल रहे हैं।

---



उचाना। लार्ड कृष्णा स्कूल में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता। फोटो :हरिभूमि

### पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया

**उचाना।** छात्तर के लार्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियागिता का आयोजन किया। प्राचार्य बलवंत राय द्वारा विद्यार्थियों को सच्ची सन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार आपसी मेल जोल बढ़ता है, ये हमारे गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्य अमन कुमार, सुशील कुमार, राजेश, सुरजीत, पवन कुमार मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने विधानसभा डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगपत्र

» *कंप्यूटर लैब सहायकों का जॉब सुरक्षा एक्ट का पत्र जल्द किया जाए जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने रविवार को विधानसभा डिप्टी स्पीकर एवं विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कंप्यूटर लैब सहायकों ने सर्विस सिक्योरिटी का पत्र जल्द जारी करने की मांग की। कंप्यूटर लैब सहायकों के जिला प्रधान सोनू दुग्गल ने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक 14 साल से कार्यरत हैं। पिछले 14 सालों से कंप्यूटर लैब सहायक सरकारी स्कूलों में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जबकि उनका वेतन मात्र 12 हजार है वे लंबे समय से अपनी जॉब सुरक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। परंतु अभी तक उनको किसी प्रकार का बेनिफिट नहीं दिया गया। जॉब सुरक्षा एक्ट वर्तमान सरकार लेकर आई है। जिसका हम स्वागत करते है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब सहायक सर्विस सिक्योरिटी एक्ट में शामिल हैं। परंतु दुर्भाग्य की बात है अभी तक सरकार लाये एक्ट 2024 को अभी तक विभाग ने लागू कर कर पत्र जारी नहीं किया है।



जींद। डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

# गुरूकुल खेड़ा के अशोक ने बोशिया फेडरेशन कप में जीता कांस्य पदक

» *अशोक की उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय*

हरिभूमि न्यूज. उचाना

गुरूकुल खेड़ा के बोशिया खिलाड़ी अशोक कुमार ने इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा-2025 के दौरान आयोजित पहले बोशिया पर्पल फेस्ट फेडरेशन कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीसी-3 पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता नौ से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम, पणजी में आयोजित हुई। आयोजन का संचालन बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया, इसमें गोवा राज्य दिव्यांगजन आयोग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (भारत सरकार) और संयुक्त राष्ट्र भारत का सहयोग रहा। अशोक कुमार ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन नियंत्रण, सटीकता और धैर्य का प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन उनकी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस आयोजन के माध्यम से देशभर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया और बोशिया खेल को नई पहचान दी। संगठन का यह प्रयास दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से आगे बढने का अवसर दे रहा है। अशोक की यह उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय है और उन सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश कर रहे हैं।

---

**जिलास्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार दे किया सम्मानित**

# इंडस स्कूल में शाम-ए-कामयाबी कार्यक्रम का आयोजन

» *90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों को उपहार भेंट किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जींद ने शाम-ए-कामयाबी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में इंडस पब्लिक स्कूल में सत्र 2019 से 2025 तक के जिलास्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार और 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंडस निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र, दिव्या, हुसा के प्रधान सुदेश कुमार, सहोदय स्कूल के प्रधान अजीत यादव, समाजसेवी जितेंद्र चहल व पवन मलिक, इंडस ग्रुप संयोजक प्रवीण परूथी, इंडस ग्रुप के कोर्डिनेटर संजीव तायल, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार एवं मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर उपस्थित रही। इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने मुख्यअतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रांगण में बच्चों ने विभिन्न तरह की रंगोलियां बनाई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें स्वागत गीत, समूहगीत (चौपाई), एकल नृत्य (पिया तोसे लागा), सांस्कृतिक नृत्य (लावनी), एकल गीत (इतना दियासरकार ने), समूहगीत (छाप तिलक), सांस्कृतिक राजस्थानी नृत्य, पंजाबी गिद्दा, समूह गीत (पल-पल दिल के पास), एकल नृत्य (तुमको देखा तो), समूहगीत (मेरा आपकी कृपा से) आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम सत्र 2019 से 2025 तक के 10वीं और 12वीं के 90 प्रतिशतअंक लाने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में रखा गया। जिसमें कक्षा दसवीं से 446 और 12वीं से 423 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।





जींद। इंडस स्कूल में होनहार छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नगद राशि से किया सम्मानित

दसवीं और बारवहीं कक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियां को 51-51 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आठ विद्यार्थियों को 31-31 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी और स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपये की नगद रायिश देकर सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले 869 विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सत्र 2019-20 में कक्षा दसवीं से तान्या गर्ग को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार और आर्यन को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं से प्रेरणा को मेडिकल संकाय से, दिव्यांश गर्ग को नॉन मेडिकल संकाय जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार, निशा और स्वाति को नॉन मेडिकल संकाय से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31-31 हजार, प्रतिशत और रिया को कॉमर्स संकाय से तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21-21 हजार नगद राशि से सम्मानित किया गया।

# साइबर ठगों ने 9 लाख 96 हजार ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साइबर ठगों द्वारा कैथल के एक व्यक्ति से 996000 की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महादेव कॉलोनी कैथल के गुलशन ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अनाज मंडी में कर्मचारी है। उसने बताया कि 17 अगस्त 2025 को उसके मोबाइल पर एक फोन आया था। उसने कहा कि वे बैंक से बोल रहे हैं। उसने कहा कि आपका पैन नंबर या डेबिट कार्ड नंबर दो। उसने सोचा कि यह वास्तव में बैंक कर्मचारी हैं। उसके द्वारा आरोपियों को सभी जानकारी दे दी गई। कुछ समय में उसका मोबाइल नंबर उसके मोबाइल से डिलीट हो गया तथा उसके मोबाइल पर मैसेज आने शुरू हो गए।



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## 20 लाख के टेंडर में सिर्फ 220 पेड़-पौधे लगाए

**गुहला चीका।** चीका शहर में नगरपालिका द्वारा हरियाली बढ़ाने के नाम पर लगाया गया 20 लाख का टेंडर अब सवालों के घेरे में है। ढींढ्शा को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड को यह ठेका ट्री गार्ड सहित पेड़-पौधे लगाने के लिए दिया गया था। इसमें वार्ड 12, 13, 14, 15, 16 और 17 में हजारों पेड़ लगाए जाने थे। लेकिन नगरवासियों के अनुसार शहर में मात्र 220 ट्री गार्ड और पौधे ही लगाए गए। जिनमें अधिकतर पौधे केवल आर 4 क्षेत्र में लगे हैं। बावजूद इसके पूरे 20 लाख की अदायगी कर दी गई है, जिससे सरकारी धन की भारी बर्बादी और भ्रष्टाचार की बू आ रही है। सूत्रों की मानें तो यह घोटाला एजेंसी और नगरपालिका सचिव की मिलीभगत का नतीजा है। यदि ट्री गार्डों की वास्तविक गिनती की जाए, तो यह एक बड़े स्कैम के रूप में सामने आ सकता है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जांच की मांग उठाई है और कहा है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### मिठाई व ड्राई फ्रूट की बिक्री में जबरदस्त उछाल

# दिवाली की रौनक से चमके नगर के बाजार, खरीदारों की उमड़ी भीड़

## पारंपरिक मिठाइयों के साथ सूखे मेवों की बिक्री में खासा इजाफा

**खरीददारों की चहल-पहल से बाजारों में उत्सव का माहौल दिखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

दीपावली का त्यौहार आते ही नगर के बाजार पूरी तरह से सज-धज कर तैयार हो गए हैं। चारों ओर रोशनी, रंग-बिरंगी सजावट और खरीददारों की चहल-पहल से बाजारों में उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। मुख्य बाजार में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर वर्ग का व्यक्ति अपनी पसंद और जरूरत का सामान खरीदने में व्यस्त है। कपड़ा, मिठाई, ड्राई फ्रूट, सजावट का सामान, कंबल-रजाई, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, मोटरसाइकिल आदि की दुकानों पर खरीदारों का तांता लगा हुआ है। दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक देखी जा सकती है। दीपावली ऐसा पर्व है, जिसे हर व्यक्ति पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाता है, इसलिए बाजारों में दिनभर भीड़ बनी रहती है। मिठाई की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जगह-जगह रंगीन लाइटें, फूल-मालाएं और सजावटी थालों से दुकानों की सुंदरता देखते ही बनती है। पारंपरिक मिठाइयों के साथ-साथ इस बार सूखे मेवों की बिक्री में भी खासा इजाफा देखने को मिल रहा है। गिफ्ट पैक और ड्राई फ्रूट बॉक्स की डिमांड इतनी बढ़ गई है।


सीवन। मेन बाज़ार में लगी दीपावली की रौनक व सजी दुकानें।

**रोशनी और उत्साह से दमक रहा**

नए टीवी, फ्रिज, कूलर और स्मार्ट गैजेट्स की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। वहीं, टू-व्हीलर शोरूम पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। बाजारों में लगी भीड़ से यह साफ झलकता है कि इस बार दीपावली की रौनक खास रहने वाली है। हर कोई अपनी-अपनी पसंद के सामान की खरीदारी कर रहा है और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए 'दीपावली मुबारक' कहता नजर आ रहा है। नगर का हर कोना दीपों की रोशनी और उत्साह से दमक रहा है।


श्री पार्श्वनाथ स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी

## श्री पार्श्वनाथ स्कूल में दीपावली उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया

**राजौंद।** पूंडरी रोड पर स्थित श्री पार्श्वनाथ स्कूल राजौंद में दीपावली उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में रंगोली व दीपक बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्कूल प्रबंधक रमेश राणा ने कहा कि इस त्योहार पर नशा मुक्त समाज के लिए 74 विद्यार्थियों ने एक रैली निकाली। रैली के माध्यम से विद्यार्थी ने अपने समाज को स्वस्थ व खुश रहने के लिए समाज मे नशा उन्मूलन कार्यक्रम किया गया। जिसपर प्रार्थना सभा मे एक शपथ समारोह का भी आयोजन किया गया।

# कैथलः जरूरतमंद कन्याओं की शादी के लिए दिया सामान

**अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ने पवनार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अपना 21वां स्थापना दिवस मनाया। जनता हॉस्पिटल के एम.डी. डॉक्टर अश्वनी गोयत की धर्मपत्नी डॉक्टर अनीता सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महिला विंग की प्रधान राजश्री तथा महिला मंडल की सदस्य बबीता, मनजीत, नीतू मलिक तथा सुनीता ने फूल मालाओं से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि सतबीर कोटड़ा ,सतीश ढूल तथा भगवान दास शर्मा का समिति के प्रधान जोगिंदर ढूल तथा समिति के संरक्षक कुलदीप पूनिया रुलिया राम शर्मा, अशोक अरोड़ा, विकास संधू, संजीव थरेजा बलवंत जाटान ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर समिति द्वारा जरूरतमंद परिवार की विवाह योग्य11 कन्याओं को 10-10 सूट तथा अन्य नौ कन्याओं को दो-दो सूट दान में दिए। गौरतलब है कि अधिकतर कन्याएं वह थी जिनके पिता स्वर्ग सिधार गए थे या फिर जिनके भाई नहीं थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। ईश्वर दास अरोड़ा ने भजन प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।


जरूरतमंदों को सामान वितरित करते अखिल भारतीय मानव सेवा समिति के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

पवनार पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम मैं खूब वाह- वाही लूटी। इस अवसर पर मंगल सिंह, महेंद्र सिंह, गौतम बंसल, समिति के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता, पवन शर्मा, सोमदत्त कौशिक, रणबीर ढूल, सतबीर बालू, बलविंदर ढूल, बलकार सिंह, जगरूप ढूल आदि ने भी कन्याओं को आशीर्वाद दिया। भोजन प्रसाद के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गांव गोघ में फसल के अवशेष जलाने पर किसान पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

पुलिस ने उपमंडल के गांव गोघ में धान अवशेषों में आगजनी को लेकर एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खंड़ कृषि अधिकारी डॉ अमी लाल ने बताया कि हरसेक प्रणाली से मिली सूचना पर अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और संबंधित किसान बाबू राम निवासी गांव गोग पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए रेड एंट्री दर्ज की। इसके साथ ही घटना को लेकर एफआईआर भी दर्ज की गई है। आगजनी की घटना प्राप्त होते ही बाबू राम निवासी गांव गोग पर संबंधित प्रावधानों सहित कार्यवाही की गई। खंड कृषि अधिकारी डॉ अमी लाल ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाना पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरा शक्ति दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अवशेष प्रबंधन के आधुनिक तरीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

**सभी गांवों में निगरानी बढ़ाई**

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ कंचन शर्मा कि रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष इस अवधि तक 56 घटनाएं दर्ज की गई थीं, जबकि इस बार उपमंडल गुहला में एक घटना हुई है जोकि घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विभाग द्वारा सभी गांवों में निगरानी बढ़ा दी है।




# यातायात नियमों का पालन करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। डीसी प्रीति ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया जाए कि यदि हम नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो उनकी स्वयं की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है, वहीं समाज के अन्य लोगों को भी काफी प्रभावित करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए, ओवर स्पीड में वाहन नहीं चलाएं, जेब्रा क्रासिंग का सही उपयोग करें, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग जरूर करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट लगाए, सड़क पर लगे संकेतों का पालन करें

**दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग जरूर करें**

**हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए,**

## दीपावली विशेषांक राजौन्द परिशिष्ट















## पुलिस ने मारे छापे, दो दुकानों से 184 किलो बम व पटाखे बरामद

**जींद।** जिला पुलिस ने शहर में अलग-अलग दो स्थानों पर छापेमारी कर 184 किलोग्राम बम व पटाखे बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपित दुकानदारों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गोहाना रोड पर जनरल स्टोर पर बम, पटाखे बेचे जा रहे हैं। सूचना के आधार पुलिस ने जनरल स्टोर पर छापेमारी की तो वहां पर बम, पटाखों के कार्टून भरे मिले। जिनका वजन 145.60 ग्राम पाया गया।







## दुघर्टना ग्रस्त को विशेष सहायता प्रदान करना

6. **सहायता की प्रमात्रा**

इस योजना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले दावेदारों को निम्न विवरण अनुसार वित्तिय सहायता प्रदान की जाएगी–

| क्रम संख्या | दुर्घटना की किस्म | विशेष सहायता ( रुपयों में ) |
|---|---|---|
| 1 | मृत्यु | 5,00,000/– |
| 2 | रीढ़ की हड्डी के टूटने या अन्यथा के कारण से स्थाई अशक्तता | 2,50,000/– |
| 3 | दो अंग भंग होने पर / स्थाई गंभीर चोट | 1,87,500/– |
| 4 | स्थाई गंभीर चोट / एक अंग भंग होने पर (चार उंगली कटने पर एक अंग की हानि समझी जाएगी) | 1,25,000/– |
| 5. | पूरी उंगली कटने पर | 75,000/– |
| 6. | आंशिक उंगली भंग होने पर | 37,500/– |

7. **योजना का नियन्त्रण :**

यह योजना हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सम्पूर्ण नियन्त्रण तथा निरीक्षण में मर्किट कमेटी द्वारा लागू की जाएगी। दावे की क्षतिपूर्ति मार्किट कमेटी के द्वारा मार्किट कमेटी की निधि से भुगतान की जाएगी जिसकी अधिसूचित क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई है।

8. **प्रक्रिया :**

क) इस योजना में दावे हेतु आवेदन करने के लिए आवश्यक प्रोफोर्मा योजना के अनुबन्ध में दिया गया है। यह प्रोफोर्मा आवेदक की ओर से भरा जाना है तथा उस द्वारा हस्ताक्षरित या अंगूठे का निशान चिन्हित किया जाना है। आदमी की स्थिति में, यदि बायां अंगूठा कटा हुआ है, तो दाएं अंगूठे का निशान लगाया जा सकता है। महिला की स्थिति में, यदि दायां अंगूठा कटा हुआ है, तो बाएं अंगूठे का निशान लगाया जा सकता है। यदि दोनों हाथ कटे हुए हैं, तो काम करने वाले भाग का अग्र भाग का चिह्न इस पर लगाया जाना चाहिए। यदि दोनों अंगूठे कटे हुए हैं, तो मौजूदा हाथ की उंगलियों के निशान लगाएं जाएं।

हस्ता/– सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,
मार्केट कमेटी, ढाण्ड ( कैथल )

## किरयाना दुकान में लगी आग

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर तीन में शनिवार रात को किरयाना दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा 10 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। महिला दुकानदार मीरा ने बताया कि दुकान में करीब 10 लाख रुपये का सामान रखा हुआ था। अभी कूछ दिन पहले मीरा ने छह लाख रुपये ब्याज पर लेकर और सामान खरीदा था। दुकान के ऊपर किराये के मकान में रह रहे लोगों ने देखा कि रात को दो बजे दुकान से धुआं उठ रहा है। देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। मीरा ने बताया कि वह वर्षों से इस किरयाना दुकान को चला रही थी और दिवाली के मौके पर बिक्री बढ़ाने के लिए नया माल मंगवाया था।






## दीपावली पर्व पर स्वास्थ्य व दमकल विभाग मुस्तैद

# नागरिक अस्पताल में चिकित्सक इमरजेंसी सेवाओं में रहेंगे तैनात

3 गाड़ियों पर 119 कर्मचारी रहेंगे अलर्ट पर
ऑन कॉल डयूटी पर मौजूद रहेंगे चिकित्सक : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

दीपावली पर्व को देखते हुए स्वास्थ्य व दमकल विभाग मुस्तैद है। दमकल विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां आगामी आदेशों तक रद्द कर दी गई हैं ताकि अगर कोई आग लगने की घटना होती है तो उस पर समय रहते काबू पाया जा सके। वहीं दीपावली पर्व पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य विभाग ने भी किसी भी चिकित्सक को हेड क्र्वाटर छोडऩे जाने की अनुमति नही है। सभी चिकित्सक अपने-अपने स्वास्थ्य संस्थाओं के आसपास रहेंगे। सभी चिकित्सक ऑन कॉल ड्यूटी मौजूद रहेंगे। उन्हें किसी भी आपात स्थिति में अस्पताल में बुलाया जा सकता है। दीपावली के दिन चिकित्सक तीन शिफ्टों में इमरजेंसी सेवा में तैनात रहेंगे। इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चलती रहेंगी।

**स्वास्थ्य विभाग ने भी किसी भी चिकित्सक को हेड क्वार्टर छोड़ने जाने की अनुमति नहीं दी**


जींद। फायर स्टेशन में खड़ी गाड़िया। फोटो : हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में चिकित्सक रहेंगे तैनात: सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि नागरिक अस्पताल में एमरजेंसी पर चिकित्सकों की डयूटी लगा दी गई है व स्वास्थ्य स्टाफ को भी अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। बर्निंग केसों के लिए अलग से सर्जिकल वार्ड बना दिया गया है और दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

### त्योहारी सीजन के चलते बाजार में बढ़ी भीड़

त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में भीड़ बढने लगी है। सोमवार 20 अक्टूबर को बड़ी दीवाली है। इसके बाद 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा, 22 अक्टूबर को भैया दूज व फिर छठ पूजा का त्योहार है। ऐसे में महिलाएं बाजारों में खरीदारी करने के लिए पहुंच रही हैं।

### आबादी के हिसाब से 40 से अधिक गाड़ियों की जरूरत

आबादी के हिसाब से जिले में 40 से अधिक गाडियों की जरूरत है। आठ घंटे की शिफ्ट में एक गाड़ी पर छह कर्मचारियों की जरूरत होती है। दिन के 24 घंटों की तीन शिफ्टों में एक गाड़ी पर 18 कर्मचारियों की जरूरत है। इस प्रकार 13 गाडियों पर 234 कर्मचारियों की जरूरत है जबकि अभी केवल 119 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। दमकल विभाग के लीड फायरमैन विजय कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन के चलते सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं। दीवाली पर्व पर पटाखों को नहीं जलाएं। आग से होने वाले हादसों से स्वयं को सुरक्षित रखें। अगर कोई आग लगने की घटना होती है तो तुरंत दमकल विभाग को सूचना दें ताकि मौके पर जाकर आग पर काबू पाया जा सके और कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

### फायरकर्मी 12-12 घंटे की दे रहे ड्यूटी

त्योहारी सीजन के चलते दमकल विभाग के कर्मचारी अब 12-12 घंटे की ड्यूटी दे रहे हैं। दीवाली त्योहार के साथ-साथ फसल अवशेष में आग लगाए जाने वाली घटनाओं पर रोक लगाना भी दमकल विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। जिले में दमकल विभाग के पास 13 गाडियों पर 119 कर्मचारी हैं। इसके आलवा छह बाइक भी हैं, जिसमें से एक जींद, एक जुलाना, दो नरवाना, एक उचाना व एक सफीदों में तैनात है। वहीं 13 गाडियों में से दो सफीदों, एक जुलाना, दो उचाना, एक अनाज मंडी जींद, एक गाड़ी अनाज मंडी नरवाना, दो नेहरु पार्क नरवाना में तैनात है। जबकि एक गाड़ी पर आठ घंटे की ड्यूटी में छह कर्मचारियों की जरूरत है। विभाग द्वारा छह गाडियों की डिमांड मुख्यालय भी भेजी हुई है। त्योहारी सीजन में बाजार में लगातार भीड़ बढ़ रही है। बाजार की तंग गलियों में बड़ी गाडियों का जाना मुश्किल होता है। जिले की 13 लाख से ज्यादा की आबादी दमकल विभाग की 13 गाडियों और छह बाइक के भरोसे है।

## व्हाट्सऐप पर स्क्रीन शेयरिंग कराना बन सकती है साइबर ठगी


एसपी उपासना

- नागरिकों को सतर्क रहने संबंधी एडवाइजरी जारी की

**कैथल।** डिजिटल युग में ठगों ने लोगों को लूटने के तरीकों में तेजी से बदलाव किया है। अब साइबर अपराधी व्हाट्सऐप कॉल या मैसेज के माध्यम से स्क्रीन शेयरिंग या मोबाइल मिररिंग करवाकर खातों से पैसे उड़ाने लगे हैं। पुलिस अधीक्षक उपासना ने नागरिकों को सतर्क रहने संबंधी एडवाइजरी जारी की है। एसपी उपासना ने बताया कि ठग खुद को बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर एजेंट, यूपीआई हेल्पडेस्क या सरकारी कर्मचारी बताकर संपर्क करते हैं। वे किसी समस्या के समाधान, केवाईसी अपडेट, रिफंड, इनाम या अकाउंट बंद होने की बात कहकर भरोसा जीतते हैं। इसके बाद वे व्हाट्सऐप पर लिंक भेजते हैं या स्क्रीन शेयर/रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल करवाते हैं। एक बार व्यक्ति अपनी स्क्रीन शेयर कर देता है तो अपराधी बैंकिंग ऐप, ओटीपी, पासवर्ड, यू पी आई पीन सब कुछ देख लेते हैं और तुरंत ट्रांजैक्शन कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में ठग व्हाट्सऐप वीडियो कॉल करके देखो, मैं तुम्हारी मदद कर रहा हूँ कहकर स्क्रीन शेयर करवाते हैं। कई बार वे एनी डेस्क, स्क्रीनशेयर, को ब्रावजिंग, रिमोट एक्सेस जैसे ऐप इंस्टॉल करवाते हैं जो मोबाइल का पूरा नियंत्रण ठगों को दे देते हैं।



कैथल। दीपावली पर्व के दौरान जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थी।

## दीपों की रोशनी में खिला जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल

- दीपावली पर्व पर सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

धन्ना भगत ऑडिटोरियम हॉल में दीपावली के शुभ अवसर पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय परिसर दीपों की जगमगाहट और छात्रों की उमंग से पूर्णतः आलोकित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता एवं स्कूल समिति के पदाधिकारियों—प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा कार्यकारिणी सदस्य जसवीर, सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी, स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर रावीश और रजत रापड़िया—की गरिमामयी उपस्थिति में परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन की जिम्मेदारी कक्षा 12वीं की छात्राओं भूमिका और मुस्कान ने बहुत सफलतापूर्वक निभाई। कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने 'माई फ्रेंड गणेशा' गीत पर आकर्षक नृत्य, चौथी से सातवीं तक के छात्रों ने 'जिओ केसरी के लाल' पर देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति एवं छठी से बारहवीं के बच्चों ने 'अवध सजाया है' गीत पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया, साथ ही रामायण पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



## स्वस्थ जीवन ही सच्ची संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

गांव फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर हॉल में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन कैथल की ओर से धन्वंतरि जयंती समारोह बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए डॉक्टरों और आयुर्वेद प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जांबा के भाई सरपंच लाभ सिंह जांबा ने भाग लिया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शकुंतला दहिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, कैथल ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा के प्रधान डॉ. प्रदीप शर्मा ने की। मंच संचालन का कार्य डॉ. विनोद कपिल ने कुशलता से किया। मुख्य अतिथि सरपंच लाभ सिंह जांबा ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वस्थ जीवन ही सच्ची संपत्ति है। हमें अपने भोजन, रहन-सहन और दिनचर्या में सादगी अपनानी चाहिए तथा स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। भगवान धन्वंतरि का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पहले था। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र सैनी संरक्षक, अध्यक्ष सतीश त्यागी, सचिव डॉ. विनोद कपिल, कोषाध्यक्ष डॉ. मोहन धीमान, डॉ. मोंटी, डॉ. राजेश, डॉ. अजय सहित बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने भाग लिया।


पूंडरी। मुख्य अतिथि लाभ सिंह जांबा चिकित्सकों कों सम्मानित करते हुए।

### आयुर्वेद के महत्व पर की चर्चा

समारोह का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि के जीवन एवं आयुर्वेद के महत्व पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने कहा कि भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है और उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि "स्वस्थ रहना ही सबसे बड़ा धन है।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने बाले काबू

- स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने एक लाख रुपये लूट मामले में 4 आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

युवकों की गाड़ी का रास्ता रोक कर एक लाख रूपये लूटने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चिकनवास हिसार निवासी राहुल की शिकायत अनुसार हरियाणा में आंगनवाड़ी वर्कर के लिए नौकरी निकली हुई थी। उसके साथ पढ़ने वाले बरवाला निवासी सतीश ने कहा कि वह उसे नौकरी लगवा देगा। उनकी चार लाख रुपये में बात तय हो गई थी। सतीश के दिए गए खातों में उसने दो लाख रुपये भेज दिए थे। 15 अक्टूबर 2025 को सतीश ने कहा कि 16 अक्टूबर को तुम्हारा साक्षात्कार है और पंचकूला जाना है। वह सतीश के साथ पंचकूला के लिए चल पड़ा था। सतीश का जानकार मोनू भी साथ में था। सतीश ने उसकी पहचान हसनगढ़ हिसार निवासी राजीव से करवाई थी।


कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस गिरफ्त में सभी आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### एसपी के आदेश पर चार गिरफ्तार

एसपी उपासना द्वारा स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट को जल्द से जा आरोपियों को काबू करने का आदेश दिए गए थे। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी सब इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगवाई में एस आई वीरेंद्र सिंह टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जिला हिसार के गांव सिंगरां निवासी कुलदीप, भैणी उकलाना निवासी मुकेश, हसनगढ़ निवासी राजीव तथा बरवाला निवासी सतीश को काबू कर लिया गया। आरोपी राजीव व सतीश द्वारा सभी बातो का पता होते हुए यह लूट का षड्यंत्र रचा गया।







## पुंडरीक तीर्थ पर दिवाली मेले की तैयारियां पूर्ण

- 5100 दीपों से जगमगाएगा तीर्थ परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

पुंडरीक तीर्थ पर इस वर्ष दीपावली मेला भव्य और दिव्य रूप में मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार शाम 5 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में श्रद्धालु और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। तीर्थ परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमग कर दिया गया है। मंदिरों की लिपाई-पुताई के साथ-साथ तीर्थ में स्वच्छ जल व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे तीर्थ क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया गया है, जो दर्शकों के लिए मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करेगा। इस बार विधायक सतपाल जांबा की अपील पर पहली बार पुंडरीक तीर्थ पर दीपावली मेला आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 5100 दीपों का प्रज्वलन, भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। स्थानीय लोगों में भी मेले को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार शाम को जब 5100 दीपों की रौशनी पुंडरीक तीर्थ को आलोकित करेगी, तो यह दृश्य भक्तों के लिए एक दिव्य अनुभव होगा।


कैथल। पूंडरी में पुंडरीक तीर्थ पर मेले की तैयारियां पूर्ण। फोटो : हरिभूमि

### कार्य जोरों पर

नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय कर्मचारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। पूरे तीर्थ परिसर में सफाई, लाइटिंग और मंच व्यवस्था का कार्य जोरों पर चला हुआ है। आयोजन समिति ने बताया कि यह दीपावली मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बनेगा।

## मंडियों में हुई 7 लाख 49 हजार 850 मीट्रिक टन धान की खरीद

**कैथल।** जिला में खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ धान की खरीद का कार्य किया जा रहा है। डीसी प्रीति ने बताया कि गत दिवस तक जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सात लाख 49 हजार 850 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल खरीद में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा तीन लाख 66 हजार 671 एमटी, हैफेड द्वारा दो लाख 27 हजार 978 एमटी तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा एक लाख 55 हजार 201 एमटी धान खरीदी है।











